प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मेले का समापन विश्वविद्यालय के गाँधी हाल में

निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि मेले का समापन कार्यक्रम विश्वविद्यालय के गाँधी हाल में 7 अक्टूबर 2024 को मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल उत्तराखण्ड ले.ज. गुरमीत सिंह द्वारा अपराहन् 3:30 बजे सम्पन्न किया जायेगा। समापन कार्यक्रम से पहले माननीय राज्यपाल द्वारा तरणताल का उद्घाटन किया जायेगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा किसान मेले के स्टालों का भ्रमण किया जायेगा। इस कार्यक्रम में पशु, पुष्प, फल–फूल व प्रसंस्करित उत्पादों की प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। समापन समारोह कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अगुवाई में विश्वविद्यालय के निदेशकों, अधिष्ठाताओं, वैज्ञानिकों, विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि, विद्यार्थियों एवं किसानों की उपस्थिति में किया जाएगा।

निदेशक संचार